BCM School Basant Avenue Dugri Ludhiana

Class- 5

Subject- Hindi

कार्य पत्रक- 5(पाठ 10,11 और अनेकार्थी शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, पर्यायवाची शब्द कारक,)

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

गांधी जी ने हमें प्रेरणा दी कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलो और आपस में मिलजुल कर रहो। गांधीजी के भाषण का असर जादू जैसा होता था ।वह केवल अहिंसा का उपदेश ही नहीं देते थे बल्कि हिंसा के कर्म पर विचार करते थे और उनको दूर करने की चेष्टा करते थे ।आज भी संसार उनको शिक्षा की जरूरत है ।जब तक हम सत्य की महिमा को नहीं समझेंगे और तरह-तरह के कष्ट उठाकर भी उसे रास्ते पर नहीं चलेंगे तब तक हमारा कल्याण नहीं होगा।

1) गांधी जी ने हमें प्रेरणा दी है-

क. सत्य और हिंसा के मार्ग पर चलने की

ख. सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की

ग. असत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की

2) आज भी संसार को जरूरत है-

क. धन की जरूरत

ख. कष्ट उठाने की जरूरत

ग. गांधी जी की शिक्षा की जरूरत

3) (दूर) शब्द का विलोम है-

क. सुदूर ख. पास ग. दूरी

4) दुख का पर्यायवाची शब्द है-

क. खुश ख. सुख ग. कष्ट

5) रास्ता -शब्द का बहुवचनहै

क. सड़क ख. रास्ते ग. पगडंडी

2.) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें-

1. झूठ का अलार्म पाठ के पात्रों के नाम लिखो?

2. संजू की कौन सी बुरी आदत से उसकी माँ परेशान रहती थी?

3. राजा के अनुसार दुनिया किसके बल पर चलती थी?

4. राजकुमारी चौबोला किस देश की राज कन्या थी?

3.) पर्यायवाची शब्द लिखिए -

1. शरीर-

2. कमल-

4. दिए गए वाक्यों में (कोष्ठक) शब्द किस अर्थ में प्रयुक्त हुए हैं -सही का निशान लगाओ-

1. हमारे कर में दस उँगलियाँ होती हैं। कर - हाथी की सूँड

2. रोहन मेरे आने से पूर्व ही घर से चला गया। पहले- दिशा

5.) दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-

1. प्रतिदिन होने वाला-

2. जिसका कोई शत्रु न हो-

3. कड़वा बोलने वाला-

6.) कारक का भेद लिखिए-

1. रीता बस से स्कूल गई।
2. बच्चे मैदान में खेल रहे हैं।
3. माताजी ने चाकू से सेब को काटा।
4. पिताजी माँ के लिए साड़ी लाए।